सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना

drishtiias.com/hindi/printpdf/sahakar-mitra-scheme-on-internship-programme

प्रीलिम्स के लिये:

सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

मेन्स के लिये:

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयास

चर्चा में क्यों:

हाल ही में 'कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय' (Ministry of Agriculture & Farmers Welfare) द्वारा 'राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम' (National Cooperative Development Corporation- NCDC) की पहल 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' (Sahakar Mitra: Scheme on Internship Programme) का शुभारंभ किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- देश को 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के प्रधानमंत्री के आह्वान के तहत स्वदेशी उत्पादों के प्रचार से संबंधी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना का शुभारंभ किया गया है।
- गौरतलब है कि 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' के तहत 'राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC)' ने क्षमता विकास, युवाओं को सवेतन इंटर्नशिप और स्टार्ट-अप मोड में युवा सहकारी कार्यकर्त्ताओं को उदार शर्तों पर सुनिश्चित परियोजना ऋणों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र संबंधी उद्यमिता विकास परिवेश में अनेक पहलें की हैं।
- 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' शैक्षणिक संस्थानों के पेशेवरों को 'किसान उत्पादक संगठनों' (Farmers Producers Organizations- FPO) के रूप में सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्त्व और उद्यमशीलता की भूमिकाओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।
- सहकार मित्र योजना युवा पेशेवरों के नवीन विचारों तक सहकारी संस्थाओं की पहुँच बनाने में मददगार साबित हो सकती है। इसके साथ ही युवाओं को 'फिल्ड वर्क' (क्षेत्र में कार्य करना) का अनुभव प्राप्त होगा जो उन्हें आत्मनिर्भर होने का विश्वास दिलाएगा।

- NCDC ने सहकार मित्र सवेतन इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु अलग से धनराशि आवंटित की है जिसके तहत प्रत्येक इंटर्न को 4 माह की इंटर्नशिप अवधि के दौरान वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- NCDC ने स्टार्ट-अप सहकारी उपक्रमों को बढ़ावा देने के लिये एक पूरक योजना की भी शुरुआत की है।

पात्रता:

- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों और आईटी जैसे विषयों के पेशेवर स्नातक 'इंटर्नशिप' के लिये पात्र होंगे।
- कृषि-व्यवसाय, सहयोग, वित्त, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, वानिकी, ग्रामीण विकास, परियोजना प्रबंधन, इत्यादि में एमबीए की डिग्री के लिये पढ़ाई कर रहे या अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके युवा भी इसके लिये पात्र होंगे।

उद्देश्य:

- NCDC और सहकारी समितियों के कामकाज से युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने एवं सीखने का अवसर मिलेगा।
- युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' का शुभारंभ किया गया है।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (National Cooperative Development Corporation- NCDC)

- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की स्थापना वर्ष 1963 में संसद के एक अधिनियम द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निगम के रुप में की गई थी।
- एनसीडीसी का उद्देश्य कृषि उत्पादन, खाद्य पदार्थों, औद्योगिक वस्तुओं, पशुधन और सहकारी सिद्धांतों पर उत्पादित कुछ अन्य अधिसूचित वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, निर्यात और आयात तथा इससे संबंधित या आकस्मिक मामलों के लिये कार्यक्रमों की योजना बनाना और उनका संवर्द्धन करना है।

स्रोत: पीआईबी